## सार-समाचार

### ‘गर्मी एवं हीटवेव से बचाव करें’ यलो अलर्ट जारी किया

**जालोर**, (कासं)। भारतीय मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में गर्मी के चलते कई जिलों के रहवासियों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है,उसी को दृश्टिगत रखते हुए जिलेभर में कार्यरत/संचालित सभी प्रकार के संस्थानों को अपील जारी की गई हैं कि वे अपने प्रोजेक्ट/कार्यस्थल पर कार्यरत श्रमिकों के लिए गर्मी से बचाव के लिए विषेश उपाय व इंतजाम करें ताकि श्रमिकों के स्वास्थ्य पर गर्मी का प्रभाव कम पडें। श्रम कल्याण अधिकारी जालोर मनोहर सिंह कोटड़ा ने बताया कि श्रमिकों के लिए कार्यस्थल पर ठंडे एवं स्वचछ पेयजल की उचित व्यवस्था की जावें। दोपहर 11 बजे से सायं 5 बजे तक गर्मी के अत्यधिक असर को देखते हुए कार्य के दौरान व्यवस्थित रूप से छाया की व्यवस्था की जावें अथवा विश्राम दिया जावें ताकि कोई कामगार बीमार न पडे। इस भंयकर गर्मी में श्रमिकों को समय पर भोजन लेने तथा नियमित विश्राम के लिए अवकाष दिया जावें। आवश्यकता होने पर श्रमिकों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए निकटतम हॉस्पीटल से संपर्क स्थापित कर श्रमिकों को आवष्यक मेडिकल सुविधाएं प्रदान की जावें। उन्होंने नियोजकों से अपील की हैं कि वे श्रमिकों व कामगार के लिए इन निर्देषों की पालना सुनिश्चित करें।

### धानसा में डॉ.अम्बेडकर जयंती मनाई

**जालोर**, (कासं)। निकटवर्ती धानसा गांव में डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 134 वी जन्म जयन्ती गाजे बाजे के साथ रवाना रैली निकाली गई। डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर निकाली गई रैली गाँव की मुख्य गली चौराहे से होते हुए भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर एक भव्य रैली निकाली गई। इस रैली में जय भीम के नारों के साथ बडी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रैली में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। प्रतिभागियों ने बाबा साहब की तस्वीरें और झंडे लेकर मार्च किया। उन्होंने सामाजिक समरसता, समानता और अधिकारों के लिए आवाज उठाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अंबेडकर के सामाजिक न्याय, शिक्षा और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढाना था। वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने की अपील की। रैली पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित रही। कार्यक्रम में के.डी ग्रुप के कुलदीप सिंह राठौड, रमेश तरीगर अध्यक्ष , दिपाराम मेघवाल,सुजाराम मेघवाल, डुंगाराम मेघवाल, महेन्द्र पालीवाल, समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।रैली में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। प्रतिभागियों ने बाबा साहब की तस्वीरें और झंडे लेकर मार्च किया।

### स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**धोरीमना**, (निसं)। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती सप्ताह के अंतर्गत विश्व हिन्दू परिषद्, सेवा भारती व आरोग्य भारती धोरीमना के तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित हुआ। विहिप के प्रखण्ड मंत्री बीरबल जाणी ने बताया है कि सेवा है यज्ञ कुण्ड समिधा सम हम जले की भावना से बाबा साहब की जयंती के अवसर पर सेवा बस्ती में जाँच शिविर आयोजित किया गया। डॉ. भगवती पुनियाँ ने बताया कि बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य जांचे आवश्यकता नुसार की गई और नि:शुल्क दवाईयाँ वितरित की गई। बडी संख्या में मातृशक्ति व बच्चे बुजुर्ग जाँच शिविर में पहुँचे।सेवा भारती की ओर से हरीश सोलंकी व अशोक सोनी उपस्थित रहें। उससे पूर्व तेजसिंह चौहान, अनिल सेठिया,मास्टर गिरधारीलाल कुलदीप व राणाराम राजपुरोहित के आथित्य में शिविर का शुभारम्भ हुआ।

### डोटासरा व टीकाराम जूली का सर्किट हाउस में स्वागत किया

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीका राम जूली के पाली आगमन पर सर्किट हाउस में प्रदेश कांग्रेस सेवादल उपाध्यक्ष मोहन हटेला एवं सेवादल जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी के नेतृत्व में सेवादल कार्यकर्ताओं द्वारा सेवादल संगठन की ओर से केप व सूत की मला पहनकर सेवादल परम्परागत स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक भीमराज भाटी, जिला कांठोस अध्यक्ष अजीज दर्द, लोकसभा कांठोस प्रत्याशी एवं पूर्व राज्य मंत्री श्रीमती संगीता बेनीवाल, पूर्व सांसद बद्री राम जाखड़, पीसीसी सदस्य महावीर सिंह राजपुरोहित, पाली प्रभारी हिमपाल सिंह देवल, पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीवराज बोराणा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर घनश्याम भाटी, गुलाब सोडा, आमीन अली रंगरेज, धनराज आर्य, गिरधारी लाल मीणा, धन्नाराम सरगरा, सोहनलाल पालीवाल, नेमाराम सुथार, इब्राहिम शाह सहित सेवादल पदाधिकारी ने स्वागत किया।

### परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक कल

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं समस्याओं के त्वरित, गुणात्मक एवं सकारात्मक निराकरण के लिए व्यापक कार्यक्रम एकी.त परिवाद निवारण प्रणाली ''अटल जन सेवा शिविर'' के तहत 17 अप्रेल, गुरूवार को प्रात: 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के भारत निर्माण सेवा केन्द्र पर वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक तथा जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित होगी। जानकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने दी।

### नरेगा कार्यों का समय परिवर्तित

**जालोर**, (कासं)। गर्मी को देखते हुए महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यों का समय परिवर्तित कर प्रात: 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया। कलैक्टर-जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यों का समय तुरन्त प्रभाव से प्रात: 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक (विश्राम काल रहित) निर्धारित किया गया है। यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टरोल में अंकित टास्क प्रपत्र में करवाने के उपरांत एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर उपरांत कार्यस्थल छोड़ सकता है।

### हीट वेव के लिए प्रभारी नियुक्त

**पाली**, (नि.सं.)। हीट वेव व लू-तापघात संबंधी सूचनाओं के लिए जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट के 126 नंबर कक्ष कंट्रोल स्थापित है। अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह ने बताया कि जिला स्तर पर संचालित कन्ट्रोल रूम में अधिकारी व कार्मिक को नियुक्त किए समस्त अधिकारी/कार्मिक को निर्देशित किया गया है कि वे 10 अप्रैल 2025 से पूर्व में स्थापित कन्ट्रोल रूम के कार्य के साथ-साथ हीट वेव (लू-तापघात) संबंधित समस्त सूचनाओं का संकलन करेंगे। जिसके नियंत्रण कक्ष प्रभारी रामदयाल राठौड, मुख्य आयोजना अधिकारी, पाली दूरभाष एवं नियंत्रण कक्ष संख्या व कक्ष 126 रहेगा।

# निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करें : प्रदीप के. गावंडे

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बजट घोषणा वर्ष 2025-26 एवं बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की क्रियान्वयन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं की क्रियान्वित्ती प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करें।

बैठक में जिला कलैक्टर ने बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के तहत जालोर शहर में रिंग रोड़ निर्माण कार्य, सरनाऊ में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना, केशवना-जालोर में घुमंतु-अर्द्धघुमंतु समुदाय के बच्चों के लिए छात्रावास निर्माण सहित विभिन्न बजट घोषणाओं के संबंध में बिंदुवार चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने की बात कही।

जिला कलैक्टर ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, युवा एवं खेल मामले विभाग, पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं को तय समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को ग्राम एवं ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर के तहत आयोजित होने वाली जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करने की बात कही।

जिला कलैक्टर ने गर्मी के मौसम को देखते हुए क्षेत्र में सुचारू पेयजल, विद्युत एवं चिकित्सा व्यवस्था बनाएं रखने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस अवसर पर जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदंबरा परमार, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधर सिंह सोढा, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, आरसीएचओ डॉ. राजकुमार सहित कई जने उपस्थित रहे।



जालोर के कलैक्ट्रेट में कलैक्टर डॉ.प्रदीप के.गावंडे ने अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक ली। फोटो राष्ट्रदूत

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित

**जालोर**, (कासं)। जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की 34वीं बैठक जिला कलक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने ओटीएमपी एवं नर्मदा पेयजल परियोजना के प्रोजेक्ट का रिव्यू कर नर्मदा परियोंजना के अधीक्षण अभियंता लिच्छूराम चैधरी को लक्ष्यानुसार अधिकतम मासिक नल कनेक्शन जोड़ने के निर्देश दिए।

उन्होंने एफआर एवं ईआर कलस्टर के संवेदकों से प्रगतिरत उच्च जलाशय के निर्माण में लग रहे समय को कम करने के लिए टीम वर्क बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पाईपलाईनों की समय पर टेस्टिंग का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कर पेयजल सप्लाई सुचारू करें ताकि अधिकतम नल कनेक्शन जोडे जा सके एवं ग्रामीण सड़कों की रिपेयरिंग का कार्य भी पूर्ण हो सकें।

डीडब्ल्यूएसएम के सदस्य सचिव पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता, वृत जालोर संजय शर्मा ने पूर्व बैठक की पालना रिपोर्ट की जानकारी देते हुए जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्ट पीपीटी में प्रस्तुत कर बताया कि जिले में नर्मदा परियोजना के डीआर, ईआर, एफआर, सीलू-जैसला-भाटकी तथा ओटीएमपी योजनाओं के अंतर्गत जिले के 793 गांवों के घरों में कुल 3,17,283 नल कनेक्शन दिये जाने प्रस्तावित हैं, इसमें वृहद परियोजना अंतर्गत 3,03,982 लक्ष्य की तुलना में 1,32,809 तथा ओटीएमपी योजनाओं अंतर्गत 13,301 लक्ष्य की तुलना में 11,890 तक नल कनेक्शन जोडे. जा चुके है। बैठक में नर्मदा के अधीक्षण अभियंता लिच्छूराम चैधरी को बेहतर मोनिटरिंग करने के लिए निर्देशित देते हुए कहा कि संवेदक कंपनियों से आगामी मासिक प्लान तैयार करवाकर तद्नुसार कार्य पूर्ण करावेंख ताकि जन समुदाय की शिकायतो का समाधान किया जा सकें।

जिला कलैक्टर ने डीआई पाईप की जानकारी लेकर संवेदकों को निर्देशित किया कि एफआर कलस्टर में 36 उच्च जलाशयों को अभी तक शुरू ही नही किया है, वहॉ संवेदक श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। नर्मदा के अधीक्षण अभियंता द्वारा जिले में दो स्थानों पर विद्युत हाईटेंशन लाईन हटाने की जानकारी देने पर जिला कलक्टर ने डिस्कॉम के अधिशासी अभियंता एन.एल. सुथार को शीघ्र विद्युत हाईटेंशन लाईन हटाने के निर्देश दिए।

बैठक में अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा, वन विभाग से भंवरसिंह, शिक्षा विभाग से नवीश माथुर, कृषि विस्तार विभाग से रामलाल जाट, भू-जल विभाग से गणपतलाल, अधिशासी अभियंता व तकनीकी सहायक जितेन्द्र त्रिवेदी, अधिशासी अभियंता परियोजना खण्ड भीनमाल बलवीर सैनी, अधिशासी अभियंता एवं त.स. परियोजना दिलीप गोपलानी, जिला सलाहकार डीएसयू दीपक कुमार, आईएसए से कैलाश शर्मा, टीपीआई जेजेएम से बी.एस.यादव तथा पीएचईडी परियोजना के संवेदक एसपी यादव, एलएन यादव आदि मौजूद रहे।

## डबोई के ग्रामीणों ने विरोध जताया

**धोरीमना**, (कासं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत डबोई राजस्व ग्राम पांडव नगर को ग्राम पंचायत बोर्ड चारणान में स्थानान्तरण करने से रोकने व मूल ग्राम पंचायत डबोई में यथावत रखने के संबंध में उपखंड अधिकारी भागीरथ राम बिश्नोई ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि जबकि यहां की स्थानीय राजनीतिक द्वारा अपनी व्यक्तिगत हित को फायदा लेने के लिए जानबूझकर बिना किसी ठोस आधार एवं ग्रामवासियों की बिना सलाह के बावजूद भी राजस्व ग्राम पंचायत पाण्डव नगर को डबोई ग्राम पंचायत से निकालकर बोर चारणान ग्राम पंचायत मे जोडकर ग्रामीणो साथ कुठाराघात किया जा रहा है जो सरासर गलत है इसीलिए शासन प्रशासन से को दृष्टियों को प्रथम दृष्टया नजदीकी होने के कारण एव जनभावना को ध्यान मे रखते हुए पहले वाली ग्राम पंचायत डबोई मे यथावत रखा जावे। पूरे ग्रामवासियो का जुडाव डबोई ग्राम पंचायत की और रहता है पूरा पांडव नगर डबोई मुख्यालय से दो किलोमीटर दायरे मे स्थित है। मूल ग्राम पंचायत डबोई मे वापिस सम्मिलित कर न्याय दिलवाने की अनुमति प्रदान कर वाये आपत्ति का शीघ्र निस्तारण नही किया जाता है । तीन दिन के बाद सम्पूर्ण ग्रामवासी उपखंड मुख्यालय के आगे अनिश्चितकालीन भूख हडताल पर बैठ जायेगे । जिसकी तमाम प्रकार की जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी । इस दौरान भीयाराम गोदारा समाज सेवी,चौखाराम मेघवाल वार्ड पंच, सुरेश कुमार विश्नोई वार्ड पंच, हनुमान राम आसू , सहित ग्रामीण सैकडो की संख्या में उपस्थित रहे।

# गैबनशाह गाजी का उर्स मनाया



जालोर में हजरत गैबनशाह गाजी दरगाह के उर्स में जायरिनों की भीड़ उमड़ी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर स्थित हजरत शहीद गैबनशाह गाजी रहमतुल्ला अलैह का दो दिवसीय सालाना उर्स मुबारक सोमवार रात्रि को बडे शान ए शौकत के साथ मनाया गया। जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर फनकार अमन अफजल साबरी मुंबई (महाराष्ट्र) ने शिरकत कर या अली अली.... या नबी नबी व ख्वाजा का करम....के बेहतरीन कलामात पेश कर महफिल को खुशनुमा बना दिया । उर्स को लेकर जायरिनो की काफी भीड नजर आई।

दरगाह इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष मुजफ्फर अली ने बताया कि पहले दरबार ए गरीब नवाज अजमेर शरीफ के शाही कव्वाल अमजद हुसैन व असलम हुसैन ने सूफियाना अंदाज में अपने कलामात पेश किये। उसके बाद पगडी बंध कव्वाल इरफान तुफैल ने लोगों की पसंद के बेहतरी तराने कव्वाली के माध्यम से गुनगुनाये। उसके बाद हिंदुस्तान के मशहूर फनकार अमन अफजल साबरी ने बेहतरीन अंदाज में कलामात पेश कर रात भर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वही दरगाह के पगडीबंध कव्वाल ईरफान तुफैल ने भी गैबनशाह बाबा की शान में कई कव्वालिया पेश कर समा बांधा। इसके बाद अमन अफजल साबरी मुम्बई कव्वाल ने ईमाम हुसैन, आका ए रसूल व ख्वाजा गरीब नवाज की शान में एक से बढकर कव्वालिया पेश कर मोमिनो को अल सुबह तक बैठने पर मजबूर कर दिया । वही उर्स में आए हुए अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवर लाल मेघवाल, वीरेंद्र जोशी महा सचिव कांग्रेस आहोर, पीर सिंह मंडल अध्यक्ष का मुजफर अली, मुमताज अली, आशिफ खोखर, गुलजार अली, शहजाद खान मेल नर्स प्रथम , नाहिद अली,मोहजिद मलिक ने साफा व माला पहनाकर बहुमान किया गया। रौनक ए महफिल गद्दी नसीम खादिम सैयद सलाउद्दीन संजरी, सैयद माहिर संजरी अजमेर शरीफ का गुलपोशी कर स्वागत किया। अलसुबह कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन नूर मोहम्मद ने किया।

इस मौके मुजफर अली, मुमताज अली, आशिफ खोखर, गुलजार अली, शहजाद खान, मोहजिद मलिक, नाहिद अली, रमजान खान,नवाब सिलावट, पिंटू भाई,बंटी भाई, अयूब शेख,मुश्ताक सिलावट,महबूब भाई,रसूल खान, मुश्ताक खान, आमीन मेहर, दरगाह कमेटी के सभी सदस्य सहित काफी संख्या में जायरीन मौजूद रहे।

## विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। मंगलवार को जिला परिषद् सभागार में हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) बैठक में लंबित मामलों के निस्तारण न होने पाली सांसद और वन नेशन-वन इलेक्शन की संयुक्त संसदीय समिति अध्यक्ष पीपी चौधरी ने खासी नाराजगी प्रकट की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि हर बैठक में पिछली बैठकों के लंबित मामले सामने आ आते हैं। तय की गई समय सीमा के बावजूद भी उस समस्या या मांग का निदान नहीं हो पाता है और अधिकारी हर बार कोई न कोई बहाना लेकर आ जाते हैं। क्या आप सभी अपने घरेलू कार्यों को भी इस तरह खींचते रहते हैं। अगर नहीं तो फिर सरकारी कामों में ऐसी ढिलाई क्यो, आपकी उदासीनता के कारण हजारों की संख्या में आम जनता प्रभावित होती हैं। सांसद चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के समठा विकास के लिए सभी अधिकारी सक्रिय रहकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना सुनिश्चित करें और तय समय सीमा में हर कार्य एवं समस्या का समाधान हो।

उन्होंने बैठक में कहा कि जल जीवन मिशन में हुए 125 करोड़ के घोटाले में जो भी लिप्त है, उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही की जावें। साथ ही अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कार्य समय सीमा में पूर्ण हो व गांव व ढाणियों मे रह रहे आमजन को निश्चित समय सीमा मे पेयजल उपलब्ध हो और यह भी सुनिश्चित करें कि पेयजल लाईन बिछाते समय गांव व शहरों मे सडक क्षितठास्त होने पर उसकी शीघ्र ही मरम्मत करवायें जिससे आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने बैठक मे जल जीवन मिशन के तहत अधिक से अधिक कनेक्शन जारी करने, पीएम आवास योजना (ग्रामीण) में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा कार्यां की मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए।

केन्द्रीय विद्यालय के नवीन भवन में चले सत्र: सांसद चौधरी ने केन्द्रीय विद्यालय के नवीन भवन से जुड़े लंबित कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि हर हाल में नवीन भवन में शिक्षा सत्र आरंभ हो। कोई भी समस्या आ रही है तो मुझे बिना देरी किए अवगत करवाया जाए ताकि उसके निदान हेतु मैं अपनी ओर से कार्यवाही कर सकूं। अभिभावकों और विशेष कर पाली जिले के विद्यार्थियों को राहत मिले, इस दिशा में चाहे शिक्षा विभाग हो या जलदाय विभाग, सभी मिलकर कार्य करें। उन्होंने गर्मी को मौसम को देखते हुए जलदाय विभाग एवं जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारियों को विशेष प्लान बनाने के निर्देश दिए ताकि आम जनता को पेयजल के लिए परेशानी न उठानी पड़े। वहीं पशुओं के लिए पानी की समुचित व्यवस्था के भी निर्देश दिए। अवैध बजरी खनन को लेकर सांसद चौधरी ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आए दिन अखबारों में मामले प्रकाशित होते रहते हैं, ग्रामीणों की भी शिकायतें मिलती रहती हैं, इसके बावजूद भी अवैध खनन रूक नहीं रहा है। बैठक में मौजूद एसपी चुनाराम भाट को उन्होंने इस सबंध में ठोस कार्यवाही करने के दिशा-निर्देश दिए। वहीं पूरे जिले में रेलवे अंडर ब्रिज के जल भराव की समस्या सहित क्षितठास्त सड़कों, रपटों एवं पुलिया निर्माण, मुंडारा-देसुरी राजमार्ग सडक नवनिर्माण कार्य में देरी, घटिया निर्माण सामग्री के कारण पुलों में आई दरारें जैसे अनेक मुद्दों पर बिंदूवार चर्चा हुई।

## पोस्टर का विमोचन किया

**जालोर**, (कासं)। जालोर के निर्माता व निर्देशक गोपाल देसाई तथा दिनेश राजपुरोहित एवं को-प्रोड्यूसर पूजा देसाई की हिन्दी फिल्म ऐकलो रबारी के पोस्टर का विमोचन कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित हुआ।

आयोजनकर्ता आशीष बोराणा ने बताया कि मंगलवार को मुंबई से एक्टर गोपाल देसाई जालोर पहुंचे व दिनेश राजपुरोहित, डॉ.रामेश्वरी चौधरी, हेमंत फिडौदा, डिम्पल, गर्वित फिडौदा, सात्विक, रामकिशोर, पुनमाराम देवासी, आशीष बोराणा, फिरोज खान, चारुल शर्मा व देवासी समाज छात्रावास जालोर के युवा बंधु सहित कई लोग कार्यक्रम मे शामिल हुए।

जानकारी के अनुसार देसाई व दिनेश राजपुरोहित इससे पहले भी कई राजस्थानी, गुजराती, तेलगु व अन्य रीजनल व हिंदी सिनेमा के फिल्मों का सफल निर्देशन कर चुके हैं।

## जालोर में जिला कांग्रेस भवन का लोकार्पण व कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला कांग्रेस के पुन: निर्मित कार्यालय राजीव गांधी भवन का लोकार्पण के प्रदेशाध्यक्ष गोविद सिंह डोटासरा व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने किया। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मेलन श्री मलकेश्वर मठ में भी शिरकत की।

वैभव गहलोत, पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, पूर्व अध्यक्ष जन अभियोग निराकरण समिति पुखराज पाराशर, पूर्व विधायक संयम लोढा, जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, पाली विधायक भीमराज भाटी, रमिला मेघवाल, सरोज चौधरी, युवा कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष यशवीर शूरा, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुमताज अली, प्रदेश महासचिव मोहन डागर, जिला सह प्रभारी हरिश परिहार, नैन सिंह राजपुरोहित, उम सिंह राठौड, लाल सिंह धानपुर, ईशराराम विश्नोई,शहजाद अली,भूराराम सीरवी,श्रवण पटेल,नत्थू खान, हिन्दू सिंह दूङ्गवा, जुल्फिकार अली,कल्याण सिंह बोकडा, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत,भोमाराम मेघवाल, वीरेंद्र जोशी,सवाई सिंह चम्पावत, गलबराम मीणा,सेवादल जिलाध्यक्ष भेरूपाल सिंह,नगराध्यक्ष मुमताज अली,लक्ष्मण सिंह सांखला, बसंत सुथार, रमेश सोलंकी,चुन्नीलाल गहलोत,खसाराम मेघवाल,अनिल पंडत,सुरेश मेघवाल, सुरेश चौधरी, ममता जेन, सुष्मिता गर्ग, शीला चौधरी, सोनाराम मेघवाल, बस्तीमल चौहान, भवर सिंह बालावत,आम सिंह परिहार, जवानाराम परिहार, पीर सिंह मालपुरा, प्रेम सिंह मीठडी,आसुराम देवासी, शैतान सिंह धनानी,गोपाल देवासी सुल्तान खान भाटी, रामराम चौधरी, प्रवीण विश्नोई,मांगीलाल प्रजापत,महेंद्र सोनगरा, उम्मेद सिंह चारण, सुरेश माली,सुरेश कलमाडी, अब्दुल रज्जाक,ईश्वर सिंह बालावत सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## सांसद चौधरी ने प्रेसवार्ता की

**पाली**, (नि.सं.)। सांसद पी.पी. चौधरी ने वक्फ संशोधन कानून को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने प्रेस वार्ता में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जो लोग लूट-खसोट करने में लगे हुए थे, उन्हें इस कानून के माध्यम से बाहर किया जा रहा है।

# पाली में 1111 परिंडे बांटे




पाली जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने जांगिड़ नवयुवक मंडल समिति के सहयोग से 1111 परिंडों के वितरण कार्य का शुभारंभ किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे परिंडा अभियान को भामाशाहों और समाजसेवी संस्थाओं का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस अभियान के तहत, जिले में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए जा रहे हैं ताकि उन्हें गर्मी के मौसम में पानी मिल सके। जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने जांगिड़ नवयुवक मंडल समिति के सहयोग से जवाली ग्राम पंचायत के 1111 परिंडों के वितरण कार्य का शुभारंभ किया।

परिंडा अभियान के जिला सयोजक सोहनलाल भाटी ने बताया कि परिंडों का वितरण जांगिड़ नवयुवक मंडल समिति द्वारा जवाली ग्राम पंचायत में 1111 परिंडे वितरित किए गए। भामाशाहों का सहयोग सज्जन राज धरोलिया समाजसेवी ने 500 परिंडे जिला प्रशासन को सुपुर्द किए। जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने अपील की है कि इस अभियान के तहत जिले में एक लाख परिंडे आसानी से लगाए जा सकते हैं। समाजसेवी संस्थाओं की भागीदारी जांगिड़ नवयुवक विकास समिति जवाली के युवा अध्यक्ष गुलाब जांगिड़ लुंजा और अन्य सदस्यों ने इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई है। उद्देश्य पक्षियों को गर्मी के मौसम में पानी उपलब्ध कराना है और जिला प्रशासन और समाजसेवी संस्थाएं मिलकर काम कर रही हैं। इस अवसर पर महेन्द्र बोहरा, अर्जुन मेहता, विकास बुबकीय, सज्जन धरोलिया एवं जांगिड़ नवयुवक विकास समिति जवाली के युवा अध्यक्ष गुलाब जांगिड़ लुंजा, सचिव कृष्ण कुमार सांड, मौजूद रहे।



जोधपुर शहर के भीतरी क्षेत्र में विभिन्न मोहल्लों में धींगा गंवर की पूजा धूमधाम से हो रही है तथा साथ ही परकोटे के बाहरी क्षेत्रों में भी तीजणियों का उत्साह देखते ही बनता है। मसूरिया क्षेत्र में रामदेव भवन में कलावती पुरोहित, अंजू व्यास, आशा रामदेव, सरोज रामदेव, श्यामा, सरोज, श्वेता, ज्योति, सविता, वैशाली, आशिमा, संतोष, शीतल और मंजू सहित तीजणियों पारम्परिक तरीके से नखराली गणगौर पूजन में सहभागिता कर रही है।

## हाजियों का प्रशिक्षण 20 को

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान राज्य हज कमेटी की ओर से हज-2025 में चयनित हज यात्रियों को हज यात्रा के लिए प्रशिक्षण एवं आवश्यक टीकाकरण कार्यक्रम 20 अप्रेल को मदरसा अहले सुन्नत रजविया, एम.पी.रोड़ भीनमाल में आयोजित किया जाएगा।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि जालोर जिले से हज-2025 के लिए चयनित 22 हाजियों को हज यात्रा के दौरान किए जाने वाले विभिन्न गतिविधियों, टीकाकरण एवं व्यवस्थागत निर्देशों की जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए जिला प्रभारी एवं सदस्य स्टेट हज कमेटी द्वारा 20 अप्रेल, 2025 को प्रशिक्षकों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण सम्बंधित अधिक जानकारी सदस्य स्टेट हज कमेटी एवं जिला प्रभारी जालोर हाजी खां मेहर के मोबाईल नम्बर व कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, नर्मदा कॉलोनी, सामतीपुरा रोड़, जालोर पर संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

For Sale/eAuction: Fire Damaged WIP & FG Stock of Furniture (Woden & Iron Scrap) (As per List Attached) lying at Plot No.C-64A, M.I.A. (i.e Marudhar Industrial Area) Phase- II Basni Jodhpur Rajasthan -342005. Contact Person for Physical Inspection -Mr. Prem Singh Bhati-9928409222 Last Date For Inspection & EMD Deposit 21.04.2025 & Date Of E-auction-22.04.2025 (3PM), Auctioneer: Meenakshi Gupta- 9625137014 (Insurance Claim Material Will Be Sold On 'As Is Where Is', 'Whatever There Is 'And' No Complaint' Basis)

For More Details:
Support@Salvagemanagers.Com
www.Salvagemanagers.Com